जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/1025 दिनांक : 06.06.2024

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
पोरसा (मुरैना)

विषयः- दिनांक 08 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली समस्त परीक्षा विषयक्।
संदर्भ :- 1. आपका पत्र क्रमांक 1565 दिनांक 05.06.2024
2. आपका पत्र क्रमांक 1567 दिनांक 05.06.2024

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि बी.ई.ओ. मुरैना से दूरभाष पर हुई चर्चानुसार प्राचार्य शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल (सिंधिया), पोरसा में दिनांक 08 जून 2024 को स्कूली पूरक परीक्षा होने के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षा कराया जाना संभव नहीं है। आपके द्वारा उपरोक्त परीक्षायें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बाह रोड़, पोरसा में सम्पन्न कराने हेतु सहमति दी गई है।

अतः दिनांक 08 जून 2024 को होने वाली समस्त विश्वविद्यालयीन परीक्षायें शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल (सिंधिया), पोरसा के स्थान पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बाह रोड़, पोरसा में सम्पन्न होगीं। दिनांक 08 जून 2024 के पश्चात् होने वाली समस्त विश्वविद्यालयीन परीक्षायें पूर्वानुसार शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल (सिंधिया), पोरसा में पूर्व निर्धारित दिनांक एवं समय पर संचालित होगीं। केन्द्र परिवर्तन की सूचना समस्त छात्रों को देना महाविद्यालय के प्राचार्य का उत्तरदायित्व होगा। यदि सूचना के अभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. जिला शिक्षा अधिकारी, पोरसा, मुरैना
2. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पोरसा, मुरैना
3. प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पोरसा की ओर इस निर्देश के साथ कि वे प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पोरसा, मुरैना से समन्वयक कर दिनांक 08 जून 2024 को होने वाली समस्त विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं को संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।
4. प्राचार्य, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल (सिंधिया), पोरसा, मुरैना।
5. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर चम्बल संभाग।
6. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा/उपकुलसचिव(परीक्षा)